नामांक Roll No.

No. of Questions – **30**
No. of Printed Pages – **7**
+ भारत का मानचित्र

SS-13-Hist. (D & D)

इतिहास

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2020

समय : 4¼ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

(5)

प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
1 – 4	1	–
5 – 11	1	10 शब्द
12 – 18	2	20 शब्द
19 – 26	4	40 शब्द
27 – 29	6	100 शब्द

(6) प्रश्न संख्या **27** से **29** में आंतरिक विकल्प हैं ।

(7) प्रश्न संख्या **30** का उत्तर भारत के रेखा–मानचित्र में अंकित कीजिए । यह **5** अंक का है ।

खण्ड – अ

Section – A

1. निम्नलिखित में से कौन सा एक वेदांग नहीं है ? **1**

(अ) शिक्षा (ब) व्याकरण

(स) ज्योतिष (द) सूत्र

2. मौर्य साम्राज्य का अंतिम शासक कौन था ? **1**

(अ) देववर्मन (ब) बृहद्रथ

(स) कुणाल (द) कनिष्क

3. बौद्ध धर्म का विभाजन किस शासक के काल में हुआ ? **1**

(अ) पृथ्वीराज (ब) रुद्रदमन

(स) उदयराज (द) कनिष्क

4. वृहत राजस्थान की राजधानी थी **1**

(अ) उदयपुर (ब) जयपुर

(स) कोटा (द) जोधपुर

5. मारवाड़ की संकटकालीन राजधानी किसे कहा जाता है ? **1**

6. राजस्थान दिवस किस तारीख को मनाया जाता है ? **1**

7. शून्यवाद का प्रवर्त्तक कौन था ? **1**

8. राजस्थान में जूते हुए खेत के प्रमाण किस स्थल से प्राप्त हुए हैं ? **1**

9. अलाऊद्दीन खिलजी ने चित्तौड़ पर अधिकार किस वर्ष किया ? **1**

10. विजय स्तम्भ का निर्माण किस विजय की स्मृति में करवाया गया ? **1**

11. पृथ्वीराज चौहान का राजकवि कौन था ? **1**

खण्ड – ब

Section – B

12. सिन्धु–सरस्वती सभ्यता में घोड़े के साक्ष्य किन दो स्थानों से प्राप्त हुए हैं ? **1 + 1 = 2**

13. सिन्धु–सरस्वती सभ्यता के लोग किन–किन फसलों से परिचित थे ? किन्हीं दो के नाम लिखिए। **1 + 1 = 2**

14. अशोक के धम्म के कोई दो प्रमुख सिद्धांत लिखिए। **1 + 1 = 2**

15. कनिष्क के दरबार में रहने वाले किन्हीं दो विद्वानों का नाम लिखिए। **1 + 1 = 2**

16. महाराणा कुम्भा को 'अभिनव भरताचार्य' क्यों कहा जाता है ? **2**

17. नीले पानी की नीति किसे कहा जाता है ? **2**

18. महात्मा गांधी ने किस घटना के कारण असहयोग आंदोलन वापिस ले लिया ? **2**

खण्ड – स

Section – C

19. भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध फ्रांसीसियों की असफलता के क्या कारण थे ? **1 × 4 = 4**

20. 1857 की क्रांति के कोई चार कारण लिखिए । **1 × 4 = 4**

21. इतिहास की जानकारी के स्रोत के रूप में सिक्के हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी हैं ? **4**

22. पृथ्वीराज चौहान और जयचन्द्र के बीच सम्बन्धों का मूल्यांकन कीजिए । **4**

23. सीकर किसान आंदोलन के कोई चार कारण लिखिए । **1 × 4 = 4**

24. राजस्थान के जनजागरण में समाचार-पत्रों व साहित्य के योगदान का मूल्यांकन कीजिए । **4**

25. आप कैसे कह सकते हैं कि समुद्रगुप्त एक महान् विजेता था ? **4**

26. आप कैसे कह सकते हैं कि साम्प्रदायिक दंगों ने भारत विभाजन को अनिवार्य बना दिया ? **4**

खण्ड–द

Section – D

27. अशोक की धम्म नीति का मूल्यांकन कीजिए । **6**

अथवा

फाह्यान के भारत विवरण का मूल्यांकन कीजिए ।

28. सिकन्दर के भारत अभियान का वर्णन कीजिए । **6**

अथवा

शक शासक रुद्रदमन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालिए ।

29. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में सुभाषचन्द्र बोस के योगदान पर प्रकाश डालिए । **6**

अथवा

1935 के अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

30. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को अंकित कीजिए : **$1 \times 5 = 5$**

(i) हम्पी

(ii) दिल्ली

(iii) प्रयाग

(iv) कश्मीर

(v) पूना

नामांक Roll No.

SS-13-Hist. (D & D)

इतिहास

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2020

यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

Outline Map of INDIA



DO NOT WRITE ANYTHING HERE